प्रतिवादी क्रम 1 का उक्त आराजी में 1/7, 1/7 हिस्सा बनता है। वादीगण व प्रतिवादी क्रम 1 के मध्य आपसी समझाईस से राजीनामा हो गया है। मुताबिक राजीनामा के वादीगण व प्रतिवादी क्रम 1 के उपरोक्त वर्णित आराजी में हिस्सा 1/7, 1/7 को राजस्व रिकार्ड नकल जमाबन्दी में दर्ज कर कृषक खातेदार घोषित किया जावें। वादी क्रम 3 अनीता वादी क्रम 4 चन्द्रा बाई 5 कृष्णा नागर ने अपने सम्पूर्ण हिस्से का हकत्याग बिना प्रतिफल किये ही वादीगण 1 महेश कुमार 2 पवन प्रकाश के पक्ष में तथा वादीगण क्रम 6 मीना कुमारी ने अपने हिस्से की आराजी का हक त्याग प्रतिवादी क्रम 1 भोजराज के पक्ष में बिना प्रतिफल कर दिया है। उपरोक्त आराजी में वादीगण 1 व 2 को हिस्सा 5/14, 5/14 का व प्रतिवादी क्रम 1 भोजराज को हिस्सा 2/7 का राजस्व रिकार्ड नकल जमाबन्दी में खातेदार क्रषक घोषित किया जावें।

राजीनामा पढकर सुनाया गया सही होना स्वीकार किया वादीगण की पहचान श्री महावीर नागर एड0 द्वारा तथा प्रतिवादी क्रम 1 की पहचान श्री मोहनलाल नागर एडवोकेट द्वारा की गई, राजीनामा बाद तस्दीक शा0 फा0 किया गया।

पत्रावली का अवलोकन किया गया, विवादित आराजी ग्राम मनोहरपुर की खाता संख्या 94 कुल किता 4 रकबा 4.50 है0 आराजी प्रतिवादी क्रम 1 के खाते में दर्ज है। जो पैत्रिक सम्पत्ति है। वारिस प्रमाण पत्र के अनुसार वादीगण प्रतिवादी क्रम 1 के पुत्र पुत्री है। उक्त विवादित आराजी में वादीगण का हक निहित है। अतः न्यायहित में आपसी सहमति से वादीगण का वाद स्वीकार योग्य है।

**—:क्रियात्मक आदेशः—**

उपरोक्त विवेचन के आधार पर वादीगण का वाद आपसी सहमति से स्वीकार किया जाता है। विवादित आराजी ग्राम मनोहरपुर की खाता संख्या 94 किता 4 रकबा 4.50 है0, में वादी क्रम 1 ल 6 व प्रतिवादी क्रम 1 को राजीनामें अनुसार 1/7–1/7 हिस्से का खातेदार कृषक घोषित किया जाता है। वादी क्रम 3 अनीता, 4 चन्दा बाई व 5 कृष्णा नागर ने अपना हिस्सा 1/7, 1/7 वादी क्रम 1 महेश कुमार 2 पवन कुमार के पक्ष में तथा वादी क्रम 6 मीना कुमारी ने अपना हिस्सा 1/7 का हक त्याग प्रतिवादी क्रम 1 भोजराज के पक्ष में बिना प्रतिफल प्राप्त किये कर दिया गया है। वादी क्रम 1 व 2 को हिस्सा 5/14, 5/14 व प्रतिवादी क्रम 1 भोजराज को हिस्सा 2/7 का खातेदार कृषक हक त्याग स्टाम्प शुल्क जमा कराने की शर्त पर घोषित किया जाता है। तहसीलदार अटरू उक्तानुसार पालना करावें तथा रहन का नोट प्रतिवादी क्रम 1 के हिस्से में दर्ज किया जावें। डिक्री पर्चा जारी हो।

निर्णय आज दिनांक 22.04.2019 को मेरे द्वारा लिखवाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

**(कृष्ण गोपाल जीजन)**
**उपखण्ड अधिकारी**
**अटरू जिला बारां**

